आदेश पत्रक प्रथम

# कार्यालय अंचल अधिकारी, डुमरी, गिरिडीह

## आदेश पत्रक

(दर्ज अभिलेख हस्तक 1941 का नियम 129)

आदेश पत्रक ता० .................................... से ....................................

जिला – गिरिडीह. संख्या – 07/2020-21

वाद का प्रकार विविध वाद

आदेश फलक

07.07.2020 आवेदक जाकिर हुसैन, पिता-अब्दुल मजीद, साकिन-चीनो, थाना-डुमरी, जिला-गिरिडीह ने मौजा-चीनो, थाना न० 99, खाता न० 57 का खतियानी रैयत हैं। मेरे पुर्वज सुभानी मियाँ पेशर पलटू मियां के नाम से ~~खक~~ सर्वे खतियान खाता न० 57 दर्ज है। खतियानी रैयत सुभानी मियां के दो पुत्र (1) महमुद मियाँ (2) रोजन मियां है। उक्त खतियान के तहत दोनों हिस्सेदारों को बराबर-बराबर का हिस्सा बनता है, जिसमें खाता 57 के प्लॉट न० 1183, 1192, 1193, 1194 एवं 1203 में घर मकान एवं घर-बारी अवस्थित है, जिसमें हमलोग रोजन मियां के वंशज से आते हैं। घर के अतिरिक्त कुछ प्लॉट में तो गली किनारे अवस्थित है। उसे पुर्वजों द्वारा खेती करने के ख्याल से बँटवारा किया था। जिसके कारण हमलोग के हिस्सेदार वंशज को गली किनारे कम जमीन मिला है। इसके के साथ ही हिस्सेदारी रकवा में भी कम है। हमारे हिस्सेदार रैयत महमुद मियां के ~~वंसता~~ वंशज (i) लतीफ अंसारी (ii) जहूर मियां दोनों पिता महमुद मियां के पास गली किनारे (फ्रंट) की जमीन एवं हिस्सेदारी रकवा से अधिक जबरन जोत आबाद कर रहा है एवं बारी आवागमन के रास्ते जो पुर्वजों द्वारा आना जाना होता था, उसमें अनावश्यक रोक लगाता है। और लड़ाई झगड़ा भी करता है। इन्होनें उक्त प्लॉट का फ्रन्ट वाली जमीन एवं हिस्सेदारी रकवा को बराबर-बराबर करवाने हेतु अनुरोध किया है।

हल्का कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक से जाँच प्रतिवेदन की माँग करें। अभिलेख दिनांक 22.07.2020 को रखें।

लेखापित एवं संशोधित

(हस्ताक्षर) 7/7/20
अंचल अधिकारी
डुमरी

(हस्ताक्षर) 7/7/20
अंचल अधिकारी
डुमरी

| | |
|---|---|
| 22.07.2020 | अभिलेख उपस्थापित। हल्का कर्मचारी कर्मचारी का जांच प्रतिवेदन अंचल निरीक्षक के माध्यम से प्राप्त है। उन्होंने प्रतिवेदित किया है कि मौजा चीनो, थाना न० 99 खाता न० 57 प्लॉट न० 1183, 1192, 1193, 1194 एंव 1203 रकवा क्रमश: 31 डी०, 21 डी०, 04 डी०, 60 डी० एंव 11 डी० सर्वे रैयति खाते की है, जिसका सर्वे खतियान शुगानी मियां पिता पल्टु मियां के नाम से दर्ज है। सर्वप्रथम वादगत भूमि प्लॉट 1183, 1192, 1193, 1194 एंव 1203 पर खतियानी रैयत के वंशज अपने-अपने हिस्से में जोत-आबाद करते आ रहे हैं। सर्वे खतियान शुगानी मियां के दो पुत्र महमुद मियां एंव रोजन मियां हैं। आवेदक जाकिर हुसैन रोजन मियां के वंशज में आता है। इनका कहना है कि हमारे हिस्सेदारों को हमसे अधिक भूमि को जोत-आबाद कर रहा है, वो भी मैन रास्ता में लिया है। और हमलोग को जो भूमि मिला है। उस भूमि से निकलने का कोई रास्ता नहीं है। इसी को लेकर दोनो पक्षो जो दोनों खतियानी रैयत के वंशज है। आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहा है।<br>उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि वर्तमान में दोनों पक्षो में उक्त भूमि पर आपस में बंटवारा को लेकर यानी सभी अंशदार उक्त भूमि को रोड के किनारे ही लेना चाहता है। इसी को लेकर आपस में झगड़ा कर रहा है।<br>उभय पक्षो को नोटिश निर्गत करे। अभिलेख दिनांक 04.08.2020 को रखे।<br>लेखापित एंव संशोधित<br>(हस्ताक्षर) 22/7/2020<br>अंचल अधिकारी<br>डुमरी<br>(हस्ताक्षर) 22/7/20<br>अंचल अधिकारी<br>डुमरी |
| 04.08.2020 | अभिलेख उपस्थापित। उभय पक्ष उपस्थित एंव हाजिरी दाखिल। जाकिर हुसैन का कहना है कि हमारे हिस्सेदार हमसे अधिक भूमि पर जोत-आबाद कर रहे है इसलिए हमलोग का भूमि सीमांकन हो जाता तो मामला निष्पादन हो जाता। द्वितीय पक्ष |

भी मापी हेतु तैयार है। आवेदक online मापी का आवेदन कर
सीमांकन करा सकते हैं। उभय पक्ष मापी हेतु तैयार है। उक्त भूमि पर
सीमांकन होने तक शांति व्यवस्था बनाये रखेंगे। उभय पक्ष इस बात को
लेकर सहमत हैं। वाद की कार्यवाही बंद की जाती है।

# न्यायालय अंचल अधिकारी,डुमरी(गिरिडीह)

## अमीन मापी से संबंधित आदेश पत्र

ऑनलाईन अमीन मापी आवेदन संख्या–....63...../2020 –2021

| | आदेश फलक |
|---|---|
| 03/02/21 | आवेदक श्री इकलाम अंसारी, पिता - लतीफ अंसारी, ग्राम - चीनो द्वारा मौजा - चीनो खाता नं० - 57 प्लॉट संख्या - 1183, 1186, 1187, 1188, 1189, 1190, 1191 एवं 1192 कुल रकबा - 2.51 ए० भूमि की मापी हेतु ऑनलाईन आवेदन दर्ज किया है। अतः उक्त के संबंध में राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक से जाँच प्रतिवेदन की माँग करें। अभिलेख दिनांक - 25/02/2021 को रखें। लेखापित एवं संशोधित। (हस्ताक्षर) अं० अ० डुमरी (हस्ताक्षर) अं० अ० डुमरी |
| 25/2/21 | अभिलेख उपस्थापित। संबंधित हल्का कर्मचारी का जाँच प्रतिवेदन अंचल निरीक्षक के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा - चीनो खाता नं० - 57 प्लॉट नं० - 1183, 1186, 1187, 1188, 1189, 1190, 1191, 1192, 1193, 1194, 1201, 1202, 1203 एवं 1185 कुल रकबा - 3.00 एकड़ भूमि सर्वे खतियान में सुभानी मियां पिता - छक्कु मियाँ के नाम से दर्ज है। जो रैयति खाते की है। उक्त भूमि का चौहद्दी निम्न प्रकार है:— उ० - रास्ता, द० - रोषन मियाँ, पु० - लतिफ अंसारी खरिदार, प० - रोषन मियाँ। |

अतः विषयांकित भूमि आवेदक के परदादा के नाम पर जमाबन्दी कायम है। चूंकि रकबा - 3.00 एकड़ से अधिक है व विभिन्न प्लॉटों का मापी करने हेतु कितना दिन का समय लगेगा अंचल अमीन से जानकारी प्राप्त कर मापी शुल्क जमा करा कर मापी कराया जा सकता है।

अतः राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर उक्त भूमि की मापी हेतु अंचल अमीन से समयावधि प्राप्त कर आवेदक को मापी शुल्क जमा करने हेतु निदेशित करें। अभिलेख दिनांक - को रखें।

लेखापित एवं संशोधित।

अ. अं.
डुमरी

अ. अं.
डुमरी

05/7/21 अभिलेख उपस्थापित। चालान संख्या - LR1614010892088 द्वारा मापी शुल्क जमा किया गया। अतः भूमि की मापी हेतु दिनांक - 09/07/2021 को अंचल अमीन को आदेशित करें तथा साथ ही चौकीदार एवं अन्य व्यक्ति को उक्त स्थल पर ससमय उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत करें। अभिलेख दिनांक - को रखें।

अ. अं.
डुमरी

अ. अं.
डुमरी

22/7/21 अभिलेख उपस्थापित / अंचल अमीन की व्यस्तता के कारण निर्धारित तिथि दिनांक - 09/07/2021 को मापी कार्य नहीं किया गया / अतः दिनांक - 30/07/2021 को अंचल अमीन को भूमि मापी हेतु आदेशित करते हुए दोनों पक्षों को नोटिस निर्गत करें।
बाद दिनांक - 11/08/2021 को रखें।
लेखापित एवं संशोधित /

22/7/21
अं. अ.
डुमरी

22/7/21
अं. अ.
डुमरी

11/08/21 अभिलेख उपस्थापित / अंचल अमीन से प्राप्त मापी प्रतिवेदन अभिलेखबद्ध है। जिसमें आवेदक इसलाम अंसारी द्वारा मापी कराने से इनकार किया है। अतः अंचल अमीन से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अभिलेख की अग्रेतर कार्रवाई बन्द किया जाता है।
लेखापित एवं संशोधित

11/8/21
अं. अ.
डुमरी

11/8/21
अं. अ.
डुमरी

V.O.S

सेवा में

श्रीमान अंचल अधिकारी डुमरी

विषय :- मौजा चिनो थाना सं० 99 थाना डुमरी अंतर्गत खाता सं० 57 प्लाट सं० 1183, 1185, 1186, 1187, 1188, 1189, 1190, 1191, 1192, 1193, 1194, 1201, 1202, 1203, एवं 1940 कुल रकबा 03.05.50 भूमि का मापी प्रतिवेदन समर्पित

प्रसंग :- भवदीय कार्यालय ज्ञापांक 393 दिनांक 5.7.2021 एवं आनलाईन भूमि सिमांकन वाद सं०- 63/2020.21 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में दिनांक 9.7.2021 को मौजा चिनो थाना सं० 99 थाना डुमरी पहुँचकर चिन्हांकित स्थल मापी हेतु आवेदक को बुलाया गया, स्थल पर मौजुद द्वितीय पक्ष एवं गांव के गणमान्य जनप्रतिनिधी गण, पंचगण, ग्रामीणों के द्वारा भी बुलाया गया तो आवेदक इसलाम अंसारी पिता तालीक अंसारी स्थल पर आया परन्तु आवेदक मापी कराने से इन्कार गया । इसलीए मापी कार्य नही किया जा सका । स्थल पर उपस्थित लोगो का हस्ताक्षर प्रति इस प्रतिवेदन के साथ संलग्न है। अतः श्रीमान को अग्रेतर कार्रवाई हेतु सादर समर्पित ।

आपका विश्वासी

[signature]

09.07.2021

अं० अमीन

डुमरी

Digitally signed by DHANANJAY GUPTA
Date: 2023.05.09 18:47:11 +05:30
Location: 192.168.101.2